आज दिनांक 14.07.2021 को श्री शलभ माथुर पुलिस उपमहानिरीक्षक महोदय, मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद द्वारा थाना नूरपुर क्षेत्रान्तर्गत झंडा चौक पर नवनिर्मित पुलिस चौकी गोरक्षधाम का लोकार्पण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। पुलिस उपमहानिरीक्षक महोदय व पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद बिजनौर द्वारा चौकी परिसर में पर्यावरण के दृष्टिगत पौधारोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया।

गौरक्ष धाम

आज दिनांक 14.07.2021 को श्री शलभ माथुर पुलिस उपमहानिरीक्षक महोदय, मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद द्वारा थाना मंडावली क्षेत्रान्तर्गत स्थित मोटा महादेव मंदिर व कांवड़ मार्ग (हरिद्वार से थाना मण्डावली, नजीबाबाद क्षेत्रान्तर्गत पडने वाले कांवड मार्ग) का निरीक्षण किया गया तथा आगामी त्यौहार ईदुल जुहा कॉवड़ यात्रा को लेकर संबंधित अधिकारी कर्मचारी को ड्यूटी के प्रति सतर्कता सम्बन्धी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक बिजनौर, अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद, उपजिला अधिकारी नजीबाबाद, मौजूद रहे।

स्वयंभु मोटा महादेव

आज दिनांक 14.07.2021 को श्री शलभ माथुर पुलिस उपमहानिरीक्षक महोदय, मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद द्वारा हरिद्वार से आ रहे मार्ग थाना नगीना क्षेत्रान्तर्गत स्थित पुलिस चौकी चित्तौड़गढ़ का निरीक्षण किया गया। आगामी त्यौहार ईद कावड़ यात्रा को लेकर संबंधित अधिकारी कर्मचारी को ड्यूटी के प्रति सतर्कता आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक बिजनौर, अपर पुलिस अधीक्षक नगरध्ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद, उपजिला अधिकारी नजीबाबाद मौजूद रहे।

थाना कोतवाली शहरः— आज दिनांक 14.07.2021 को थाना कोतवाली शहर पुलिस द्वारा अभियुक्त आफताब पुत्र साबिर निवासी ग्राम मण्डावली सैंदू थाना कोतवाली शहर जनपद बिजनौर को मु0अ0सं0 404/21 धारा 376(2)N, 354 भादवि व 467 आईटी एक्ट मे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

थाना मण्डावलीः— आज दिनांक 14.07.2021 को थाना मण्डावली पुलिस द्वारा अभियुक्त विरेन्द्र उर्फ पप्पू पुत्र किशन सिंह निवासी फर्जपुर मोहन थाना मण्डावली जनपद बिजनौर को मु0अ0सं0 128/21 धारा 60 आबकारी अधिनियम मे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

<u>थाना कोतवाली शहरः–</u> आज दिनाक 14.07.2021 को थाना कोतवाली शहर पुलिस द्वारा 04 अभियुक्तगण 1– सोनू पुत्र साजिद 2– जिशान पुत्र मौ0 नाजिम निवासीगण मौ0 काशीराम कालोनी आवास विकास थाना कोतवाली शहर जनपद बिजनौर 3– पप्पू उर्फ जमशेद पुत्र सज्जन निवासी मौ0 चाहशीरी थाना कोतवाली शहर जनपद बिजनौर 4– जुगेश पुत्र वीर सिहं निवासी ग्राम बाहुपुरा महकली थाना कोतवाली देहात जनपद बिजनौर अन्तर्गत धारा 151 सीआरपीसी मे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।